NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH

aglasem.com

Class : 8th
Subject : अर्थशास्त्र
Chapter : 2
Chapter Name : धर्मनिर्पक्षिता की समझ

Q1 अपने आस पास में प्रचलित धार्मिक क्रियाकलापो की सूचि बनाए।आप विभिन्न प्रकार की प्राथनाएं विभिन्न देवताओ की पूजा विभिंन्न पवित्र स्थानों विभिन्न प्रकार के धार्मिक संगीत और गायन आदि को देख सकते है।क्या इससे धार्मिक क्रियाकलापो की स्वतंत्रता का पता चलता है?

Answer.

- मेरे आस पास हिन्दू,मुस्लिम,सिख और ईसाई जैसे विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं और उनको अपने मर्ज़ी के धर्म मानने की पूरी स्वतंत्रता हैं।
- हिन्दू धर्म: हिन्दू धर्म में लोग भगवान की पूजा करते हैं और इस धर्म में बहुत सारे भगवान होते हैं जैसे की शंकर भगवान, लक्ष्मी माता,इत्यादि।
- रामायण और भगवत गीता यह पवित्र किताबों में जानी जाती हैं । इस धर्म के पवित्र गीत को भजन कहते हैं।
- मुस्लिम धर्म: मुसलमान धर्म का पालन करने वाले लोग अल्लाह को अपना भगवान मानते हैं।
- कुरान इनकी पवित्र किताब हैं।
- यह मस्जिद में जाकर पूजा करते हैं।
- सिख धर्म: सिख धर्म के लोग वाहेगुरु को अपना भगवान मानते हैं।
- यह गुरुद्वारे में जाकर पूजा करते हैं।
- ईसाई धर्म: इस धर्म के लोग भगवान जिसस को अपना भगवान मानते हैं।
- बाइबल इनके धर्म की पवित्र किताब हैं।
- यह चर्च जाते है पूजा करने के लिए।

Page : 26, Block Name : अभ्यास

Q2 अगर किसी धर्म के लोग यह कहते है कि उनका धर्म नवजात शिशु को मारने की छूट देता है तो सरकार किसी तरह का दखल देगी या नहीं? अपने उत्तर क◌े समर्थन में कारण बताइए।

Answer.

- भारत सरकार ज़रूर दखल देगी और उन्हें ऐसा करने की सजा भी मिलेगी।
- ऐसा करना भारत के संविधान के खिलाफ है और जो काम संविधान के खिलाफ हो सरकार के पास उसे रोकने का पूरा अधिकार है।
- ऐसा करना मानव अधिकारों का भी हनन हैं।
- भारत के कानून के अनुसार हर किसी को अपना जीवन जीने का पूरा अधिकार है,चाहे वो नवजात शिशु ही क्यों ना हो।
- यदि किसी धर्म में ऐसा करने की छूट है तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वो इस प्रथा को रोकने के लिए कानून बनाए।

aglasem.com

- इस कानून को ना सिर्फ उस धर्म के लोगो को बल्कि पूरी जनता को पालन करना होगा।
- सरकार किसी धर्म और उसकी मान्यताओं का पालन करने से किसी को तब तक नहीं रोक सकती जब तक की उससे मानव के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन न हो रहा हो।
- क्योंकि जीवन का हक़ मौलिक अधिकार में शामिल है और सबसे ज़रूरी अधिकार भी है।
- इसीलिए सरकार इस पर नियम बनाकर अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा भी दे सकती हैं।

Page : 26, Block Name : अभ्यास

Q3 इस तालिका को पूरा कीजिए:-

Answer.

उद्देश्य	यह महत्वपूर्ण क्यों है?	इस उद्देश्य के उल्लंघन का उदाहरण
एक धार्मिक समुदाय दूसरे समुदाय पर वर्चस्व नहीं रखता।	इससे सभी समुदायों का समान विकास होता है।	जम्मू और कश्मीर में हिन्दू मुसलमान पर लोग अपना वर्चस्व रखते हैं।
राज्य न तो किसी धर्म को थोपता है और न ही किसी भी धार्मिक स्वतंत्रता को छीनता है।	इससे हम अल्पसंख्यक वाले लोगो पर अत्याचार और भेदभाव रोक सकते हैं।	श्रीलंका में सहनागली लोग तामिल लोगो पर अपना वर्चस्व रखते हैं।
एक ही धर्म के कुछ लोग अपने ही धर्म के लोगो को न दबाए।	इससे हमें शांति , सहनशीलता और सौहार्दपूर्ण वातावरण मिलता है।	हिन्दू धर्म में लोगो के छुआ-छात की प्रथा इसका अच्छा उदाहरण है।

Page : 26, Block Name : अभ्यास

Q4 अपने स्कूल के वार्षिक छुट्टी के कैलेंडर को देखिये।उनमे से कितने छुट्टियां विभिन्न धर्मों से संबंधित है?इससे क्या संकेत मिलता है?

Answer.

- हमारे स्कूल में कुल मिला के 30 दिन की छुट्टी मिलती है।
- जिनमे से 5 सरकारी और 25 विभिन्न धर्मों के विभिन्न त्योहारों की छुट्टी है।
- हिन्दू धर्म: दीपवाली, होली और दशहेरा।
- सीख धर्म: गुरु गोविंद जयंती,लोहरी और बैसाखी।
- ईसाई धर्म: गुड फ्राइडे और क्रिस्मस।
- मुस्लिम धर्म: ईद उल्ल फ़ित्र ,ईद उल्लं अज़हा और मुहर्रम ।
- इससे हमें यह पता चलता है भारत में हर धर्म को एक समान इज़्ज़त मिलती है और यहाँ हर नागरिक अपने पसंद के कोई भी धर्म के पालन के लिए स्वतंत्र है।

Page : 26, Block Name : अभ्यास

Q5 एक ही धर्म के भीतर अलग अलग दृष्टिकोन के उदहारण दीजिये।

Answer.

हिन्दू धर्म में बहुत से देवी देवतों की पूजा की जाती हैं और इन सभी देवी देवताओं की अपनी अलग मान्यता हैं।

- हिन्दू धर्म के लोग दो क्षेणी में विभाजित वैष्णव और शैव।
- इन दोनों क्षेणी में बहुत अंतर है इनका धर्म एक है लेकिन भगवान और मान्यताएँ अलग अलग हैं।
- कुछ चीज़े तो ऐसी भी है जिनका पालन वैष्णव धर्म में किया जाता है परंतु शैव धर्म में इसका पालन करना मन है।

Page : 26, Block Name : अभ्यास

aglasem.com